Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

नोएडा में फिर आई स्पोर्ट्स सिटी की स्कीम

29 Dec 2010, 0400 hrs IST

प्रमुख संवाददाता ॥ नोएडा

दो साल बाद नोएडा अथॉरिटी एक बार फिर स्पोर्ट्स सिटी का प्लान लेकर आई है। इस बार स्पोर्ट्स सिटी का एरिया 311 हेक्टेयर से घटाकर डेढ़ 100 एकड़ कर दिया गया है। अथॉरिटी ने स्पोर्ट्स सिटी बनाने के लिए इनवेस्टरों को आमंत्रित किया है। एक्सप्रेस वे के नजदीक होने और प्राइम लोकेशन होने के कारण यह जगह अब इनवेस्टरों को लुभाएगी। हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाड में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद अब दिल्ली के नजदीक स्पोर्ट्स के क्षेत्र में इनवेस्ट करने वालों के लिए यह गोल्डन चांस होगा। नोएडा अथॉरिटी ने इसे देश में स्पोर्ट्स के स्टार सेंटर के रूप में डिवेलप कराने का भरोसा दिया है।

अथॉरिटी सूत्रों ने बताया कि नोएडा जैसी जगह में स्पोर्ट्स सिटी का होना जरूरी है। पिछले कुछ सालों में झारखंड की टाटा स्पोर्ट्स अकैडमी, जेपी ग्रुप की स्पोर्ट्स सिटी, हरियाणा में मुक्केबाजी के लिए लोकप्रिय भिवानी बॉक्सिंग क्लब आदि डिवेलप हो रहे हैं। इसी लिहाज से नोएडा शहर को भी आने वाले दिनों में स्पोर्ट्स सेंटर बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए 2008 में नोएडा अथॉरिटी ने 311 हेक्टेयर में देश की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स सिटी का प्लान बनाया था लेकिन तभी मंदी का दौर आ गया। लिहाजा यह प्रस्ताव इन्वेस्टर्स को नहीं लुभा पाया। अब मंदी का दौर खत्म हो चुका है। देश में स्पोर्ट्स के प्रति इन्वेस्टर्स का रुझान बढ़ रहा है। ऐसे मौके को नोएडा अथॉरिटी हाथ से नहीं जाने देना चाहती है। यहां सेक्टर- 101 और 104 में 150 एकड़ जमीन की पहचान की गई है। यह जमीन हाजीपुर गांव से सटे एरिया में है। इसका एक हिस्सा सालारपुर और बरौला गांव के बीच होगा। यहां क्रिकेट स्टेडियम से लेकर स्पोर्ट्स अकैडमी तक बनाने का प्रावधान है। अथॉरिटी ने इस पूरे एरिया में प्लेयर के लिए होटल और अकैडमी में प्रैक्टिस करने वालों के लिए हॉस्टल का भी प्रावधान किया है। पूरे एरिया में 70 पर्सेंट ग्रीन एरिया, 28 पर्सेंट में रेजिडेंशल और 2 पर्सेंट कमर्शल का प्रावधान किया गया है। 2008 में आई नोएडा अथॉरिटी की स्पोर्ट्स सिटी की स्कीम में लैंड रेट 11 हजार 330 रुपये प्रतिवर्ग मीटर तय किया था। तब यहां जमीन की कीमत 3500 करोड़ और डिवेलपमेंट प्रोजेक्ट की लागत 2057 करोड़ के करीब आ रही थी। अब देखना है कि 18 जनवरी को जब टेक्निकल क्वालिफिकेशन बिड खुलेगी तब कौन- कौन से बड़े इनवेस्टर इस प्रोजेक्ट को अपने हाथ में लेने के लिए शामिल होंगे।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768